# प्रतिदर्श प्रश्न पत्र ( मार्च 2026-27)

**CLASS : 10th(Secondary) Code NO.001**

**Series : Sec/Annual2026 -2027**

**रोल न.** | | | | | | | | | | |

**SAT - A**

## हिन्दी

*(Open)*

(Only for Fresh /Re-appear / Improvement / Additional Candidates)

**समय : 3 घंटे ]** **[ पूर्णांक : 80**

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ 6 तथा 13 प्रश्न हैं।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोडनं. को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख्य-पृष्ठ पर लिखें।
- कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहलेप्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।
- उत्तर-पुस्तिका के बीच में खाली पन्ना / पन्ने न छोडें।
- उत्तर-पुस्तिका के अतिरिक्त कोई अन्य शीट नहीं मिलेगी अतः आवश्यकतानुसार ही लिखें और लिखा उत्तर न काटें।
- परीक्षार्थी अपना अनुक्रमांक प्रश्न-पत्र पर अवश्य लिखें। अनुक्रमांक के अतिरिक्त प्रश्न-पत्र पर कुछ भी न लिखें और वैकल्पिक प्रश्नों के उत्तरों पर किसी प्रकार का निशान न लगाएँ।

*सामान्य निर्देश:*

(i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। तथापि, कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।

(ii) प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सामने दिए गए हैं।

(iii) प्रत्येक खंड और प्रश्न के साथ आवश्यकतानुसार यथोचित निर्देश दिए गए हैं।

(iv) प्रश्न के उपभागों को यथासंभव क्रमिक और एक स्थान पर लिखने का प्रयास किया जाए।

(v) शुद्ध, सटीक और तर्कसंगत उत्तरों को उचित अधिमान दिया जाएगा। वर्तनीगत अशुद्धियों तथा विषयांतर की स्थिति में कम अथवा शून्य अंक देकर दंडित किया जा सकता है।

# खंड - क

**प्रश्न 1. निम्नलिखित प्रश्नों के यथानिर्दिष्ट उत्तर दीजिए :-** **1*10 = 10अंक**

नीलकंठ में समास का भेद बताइए ।

(i).अव्ययीभाव समास (ii). द्विगु समास (iii).द्वन्द्व समास(iv) बहुव्रीहि समास

(ख) विद्यालय (सन्धि का भेद बताइए )

(i).वृद्धि संधि (ii).दीर्घसंधि (iii).यण संधि (iv)अयादि संधि

(ग़) पर्यायवाची शब्द बताइए: आसमान

(i). आकाश (ii).अवनि (iii) दिन (iv).भोर

(घ) विलोम शब्द छांटिये : सुख

(i) दुख (ii). सही (iii). आसान (iv,). आराम

(ड़) उपसर्ग बताइए: सुपुत्र

(i). पुत्र (ii) पुत (iii). सु (iv) सूप

(च)प्रत्यय बताइए : सामाजिक

(i). समाज (ii). इक (iii,) एक (iv) .ईक

(छ) मुहावरे का अर्थ बताइए : अंधे की लकड़ी

(i). डंडा (ii). एकमात्र सहारा (iii) फिसलने वाला .(iv)आसानी से मिलने वाला

**(ज)अनेकार्थी शब्द छांटिए: अम्बर**

**(I) हाथी (ii) आकाश (iii) बकरा (iv) कपड़ा**

**(झ)विकारी शब्द कौनसे है::**

**(I)संज्ञा (ii) सर्वनाम (iii) क्रिया एवम विशेषण (iv) उपरोक्त सभी**

**(त्र)रचना के आधार पर शब्द के कितने भेद हैं:**

**(I) दो (ii) तीन (iii) पांच (iv) चार**

**प्रश्न 2 निम्नलिखित प्रश्नों के यथा निर्दिष्ट उत्तर दीजिए:**

(क) दोहा छंद की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए। **3 अंक**

(क) उत्प्रेक्षा अलंकार की परिभाषा सोदाहरण दीजिए **2 अंक**

**प्रश्न 3 निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए :** **5 अंक**

क भारतीय किसान

ख)युवाओं में बढ़ती नशे की लत

ग) प्रदूषण की समस्या

घ)आदर्श विद्यार्थी

ड़) विज्ञान वरदान है या अभिशाप

**प्रश्न 4 फीस माफ करवाने के लिए मुख्याध्यापक को पत्र लिखें।** **5 अंक**

अथवा

**प्रातःकालीन भ्रमण का महत्व बताने के लिए छोटे भाई को पत्र लिखें।**

# खंड -ख

**प्रश्न 5. क्षितिज (काव्य खंड) के आधार पर निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उचित विकल्प चुनकर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए।** **1x 7=7 अंक**

क. उद्धव को बड़भगी कहने में कौनसा भाव निहित है?

i. गुस्से का ii. व्यंग्य iii पूजा iv. स्तुति

ख. 'राम-लक्ष्मण परशुराम संवाद'काव्यांशरामचरितमानस के कौन से कांड से लिया गया है ?

i. बालकांड ii. अयोध्याकांड iii.सुंदरकांड iv. उत्तरकांड

ग. चिरप्रवासी मै इतर वाक्यांश में चिर प्रवासी कौन है?

i. बच्चा ii. कवि iii. माता iv. पाठक

घ. कवि ने बादलों को किसकी कल्पना के समान बताया ?

i. बूंद की ii. बिजली iii.बालकों की iv. सावन

ड़. फसल में किसकी प्रधानता है ?

i. हाथों की ii. प्रकृति iii. परमात्मा iv. मिट्‌टी की

च. संगतकार मुख्य गायक को किसकी याद दिलाता है ?

i. बचपन ii. जवानी iii. बुढ़ापा iv. उपरोक्त सभी

छ .कवि ने बादलों के हृदय मैं कैसी छवि बताई है?

i. सुनहरी ii काली। iii सफेद iv विद्युत

**प्रश्न 6 निम्नलिखित काव्यांशों को पढ़कर किसी एक काव्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए। 5 अंक**

**मन की मन ही मांझ रही।**
**कहिए जाइ कौन पै ऊधौ, नाहीं परत कही।**
**अवधि अधार आस आवन की, तन मन बिथा सही।**
**अब इन जोग संदेसनि सुनि-सुनि, बिरहिनि बिरह दही।**
**चाहति हुतीं गुहारि जितहिं तैं, उत तैं धार बही।**
**'सूरदास' अब धीर धरहिं क्यौं, मरजादा न लही ।।**

अथवा

तुम्हारी यह दंतुरित मुसकान
मृतक में भी डाल देगी जान
धूलि-धूसर तुम्हारे ये गात...
छोड़कर तालाब मेरी झोंपड़ी में खिल रहे जलजात
परस पाकर तुम्हारा ही प्राण,
पिघलकर जल बन गया होगा कठिन पाषाण
छू गया तुमसे कि झरने लग पड़े शेफालिका के फूल
बाँस था कि बबूल ?

**प्रश्न 7. निम्नलिखित काव्यांश का काव्य सौंदर्य स्पष्ट कीजिए - 3 अंक**

**बिहसि लखनु बोले मृदु बानी। अहो मुनीसु महाभट मानी ॥**
**पुनि पुनि मोहि देखाव कुठारू। चहत उड़ावन फूँकि पहारू ।।**

**प्रश्न 8. (क) कवि आत्मकथा लिखने से क्यों बचना चाहता है? 3+2= 5 अंक**

**(ख)उद्‌धव के व्यवहार की तुलना किस किससे की है?**

## खण्ड-ग

**प्रश्न 9. क्षितिज (गद्‌य -खंड) के आधार पर निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उचितउत्तर पुस्तिका में लिखिए। 1x 7=7अंक**

**(क)** "सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा में क्या कमी रह गई थी?

i. टोपी की ii. बटन की iii. चश्मे की iv. ऊंचाई की

**(ख)** बालगोबिन भगत की प्रभातियाँ कब शुरू होती थीं?

i. कार्तिक ii. आषाढ़ iii. अश्विन iv. फागुन

(ग). बालगोबिन भगत कौन सा वाद्‌य यंत्र बजाते थे ?

i. बासुंरी ii. खंजडी iii. तानपुरा iv. गिटार

(घ) लेखिका के पिता जी की सबसे बड़ी दुर्बलता क्या थी ?

i. क्रोध ii. यश लिप्सा iii. धन लिप्सा iv. अहंकार

(ड़)लाखों सजदे इसी एक सच्चे सुर की इबादत में खुदा के आगे झुकते हैं ,यहां सजदे का क्या अर्थ है?

i.शिष्य ii.सिर iii. लोग iv. भगत

(च).संसार में मजदूरों को सुखी देखने का स्वप्न किसने देखा?

i.लेनिन ii. मार्क्स iii. सिद्धार्थ iv. गांधी

(छ) लेखक के अनुसार मनुष्य किस प्रकार का प्राणी है?

I चिंतनशील ii आलसी iii लालची iv निठल्ला

**प्रश्न 10. निम्नलिखित गद्यांशों मैं से किसी एक गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए। 5 अंक**

•

हालदार साहब को पानवाले द्वारा एक देशभक्त का इस तरह मज़ाक उड़ाया जाना अच्छा नहीं लगा। मुड़कर देखा तो अवाक् रह गए। एक बेहद बूढ़ा मरियल-सा लँगड़ा आदमी सिर पर गाँधी टोपी और आँखों पर काला चश्मा लगाए एक हाथ में एक छोटी-सी संदूकची और दूसरे हाथ में एक बाँस पर टँगे बहुत-से चश्मे लिए अभी-अभी एक गली से निकला था और अब एक बंद दुकान के सहारे अपना बाँस टिका रहा था। तो इस बेचारे की दुकान भी नहीं! फेरी लगाता है! हालदार साहब चक्कर में पड़ गए। पूछना चाहते थे, इसे कैप्टन क्यों कहते हैं? क्या यही इसका वास्तविक नाम है? लेकिन पानवाले ने साफ बता दिया या कि अब वह इस बारे में और बात करने को तैयार नहीं। ड्राइवर भी बेचैन हो रहा था। काम भी था। हालदार साहब जीप में बैठकर चले गए।

अथवा

ठाली बैठे, कल्पना करते रहने की पुरानी आदत है। नवाब साहब की असुविया और संकोच के कारण का अनुमान करने लगे। संभव है, नवाब साहब ने विल्कुल अकेले यात्रा कर सकने के अनुमान में किफायत के विचार से सेकंड क्लास का टिकट खरीद लिया हो और अब गवारा न हो कि शहर का कोई सफेदपोश उन्हें मंझले दर्जे में सफर करता देखे ।... अकेले सफर का वक्त काटने के लिए ही खीरे खरीदे होंगे और अब किसी सफेदपोश के सामने खीरा कैसे खाएँ?

प्रश्न 11. रामवृक्ष बेनीपुरी अथवा स्वयं प्रकाश का जीवन परिचय देते हुए उनकी रचनाओं, साहित्यक विशेषताओं एवं भाषा शैली पर प्रकाश डालिए। **5 अंक**

**प्रश्न 12 (क) 'नेताजी का चश्मा' पाठ के आधार पर "वह लंगड़ा क्या जाएगा फौज में पागल है पागल।" कैप्टन के प्रति पान वाले की इस टिप्पणी पर अपनी प्रतिक्रिया लिखिए। 3 अंक**

**अथवा**

**(ख) बिस्मिल्लाह खां और शहनाई एक दूसरे के पूरक हैं इस कथन की पुष्टि कीजिए।**

## खंड -घ

**प्रश्न 13. कृतिका भाग-2 के आधार पर निम्नलिखित क भाग में से किन्हीं दो प्रश्नों के तथा ख भाग मैं से किसी 1 प्रश्न का उत्तर दीजिए। 2+2+3=7 अंक**

क i माता का आंचल पाठ का मूल भाव स्पष्ट कीजिए।

Ii " मैं क्यों लिखता हूं पाठ का मूल भाव स्पष्ट कीजिए ?

Iii "साना साना हाथ जोड़ि 'यात्रा वृतांत में गंगटोक को मेहनतकश बादशाहों का शहर क्यों कहा गया है?

( ख) ' i साना साना हाथ जोड़ि पाठ में लेखिका के अनुसार प्रकृति जल संचय की कैसी व्यस्था करती है ?

Ii लेखक ने अपने आप को हिरोशिमा के विस्फोट का भोक्ता कब और किस तरह महसूस किया?

## खण्ड-ङ

**प्रश्न 14. आदर्श जीवन मूल्य मध्यमा (पाठ्य-पुस्तक) के आधार पर निम्नलिखित मे से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर अपनी उतर पुस्तिका में लिखिए।** **2x 4=8 अंक**

- (क ) प्रेरक प्रसंग पाठ के आधार पर आदर्श शिष्य मैं किन गुणों का समावेश अनिवार्य है**?**
- **(ख ) ज्ञान को कैसे प्राप्त किया जा सकता है**
- **( ग) मनुष्य की श्रेष्ठता कैसे आंकी जा सकती है ?**
- **( घ) बिजली का उत्पादन करने से उन्हें क्या लाभ मिला ?**
- **(ड) उत्साह पूर्वक जीवन जी ने से क्या लाभ होता है?**